परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India
Email- coe@suksn.edu.in

पत्रांक– 5973 /सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 21–11–2026

कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय की सत्र 2026–27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाए दिनांक 25–11–2026 से प्रारम्भ होनी है। विगत परीक्षाओं में यह संज्ञान में आया है कि कतिपय सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के जेण्डर विवरण में त्रुटि किये जाने के फलस्वरूप पुरुष अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर महिला जेण्डर अंकित हो जाने के कारण उनका परीक्षा केन्द्र स्वकेन्द्र आवंटित हो गया। ऐसी स्थिति में सम्बन्धित पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा अपने ही महाविद्याल में परीक्षा दिये जाने के प्रकरण भी संज्ञान में आये हैं।

अतः परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं के जेण्डर विवरण का तत्काल परीक्षण कराते हुए त्रुटियों का संशोधन परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। यदि किसी पुरुष अभ्यर्थी के प्रवेश–पत्र पर जेण्डर सम्बन्धी त्रुटि के कारण स्वकेन्द्र अंकित है, तो उसे अपने महाविद्यालय के अन्य पुरुष अभ्यर्थियों हेतु **आवंटित परीक्षा केन्द्र पर** ही परीक्षा देनी होगी एवं इस सम्बन्ध में सम्बन्धित महाविद्यालय विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित करेगा।

किसी भी स्थिति में पुरुष अभ्यर्थी को उसके अपने महाविद्यालय में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा। यदि किसी महाविद्यलय द्वारा उक्त निर्देश का उल्लंघन करते हुए पुरुष अभ्यर्थी को अपने ही महाविद्यालय मे परीक्षा दिलायी जाती है, तो सम्बन्धित अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा तत्काल निरस्त कर दी जायेगी तथा महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– /सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 21–11–2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त नोडल केन्द्र/परीक्षा केन्द्र,परीक्षा–2026–27,
3. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
6. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी,सि0वि0वि0क0, सिद्धार्थनगर।
7. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
8. प्रभारी कोडिंग सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
9. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक